## एक नजर में

### दिव्यांग होस्टल व अभिजीत सोसायटी ने किया सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** CWSN दिव्यांग हॉस्टल लालचौकी एवं अभिजीत सोशल वेलफेयर सोसायटी खंडवा द्वारा दिव्यांग छात्रावास खंडवा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्रावास अधीक्षक श्रीमती अंजलि शिंदे ने बताया कि सम्मान समारोह में नवोदित कलाकार आशीष पेंडसे एवं समाजसेवी शिक्षिका श्रीमती ज्योति सिंग को आमंत्रित अतिथियों एवं संस्था अध्यक्ष श्रीमती शर्मिष्ठा तोमर द्वारा सम्मानित किया गया। दिव्यांग छात्रावास के बच्चों द्वारा निमाड़ी लोकगीत, पपेट शो, माइम एक्ट द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के सन्देश पूरक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

समाजसेवी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शहजाद कुरैशी, गोविंद शर्मा, राजश्री शर्मा, सुरेंद्र सोलंकी, पं.आलोक शुक्ल, धर्मेंद्र जौहरी, सुरेंद्र काजले, घनश्याम वाधवा, डॉ सोनिया सिंह, वर्षा मिश्रा, मोनिका शर्मा, संगीता सोनवाने तनुजा शाह, पिंकी राठौर, मनोज जोशी, आनंद पेंडसे शबनम शाह, अंजलि चौहान, इन्दर सिंह जमरे, छात्रपाल सिंह तोमर, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र सोहनी ने किया तथा आभार एपीसी अर्जुन सिंह राजपूत ने माना।

### कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि पर सद्भावना मंच सदस्यों ने किया याद



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय पर साहित्यकार, कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की 78 वीं पुण्यतिथि पर मंच सदस्यों व्दारा उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कहा कि अपनी प्रसिद्ध कविता झांसी की रानी खूब लड़ी मरदानी वह तो झांसी वाली रानी थी जैसी देशभक्ति कविताओं के लिए जानी जाती हैं। वे गांधीजी के असहयोग आंदोलन में शामिल होने वाली पहली महिला थीं और प्रसिद्ध कवयित्री के साथ-साथ एक सजग स्वतंत्रता सेनानी भी थीं। श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान खंडवा की बहु तो थी किंतु उनकी स्मृति में आज तक नगर में कोई भी ऐसा कार्य या स्टेचू नहीं बनाया गया है जिससे कि उनकी स्मृति अनंत काल तक बनी रहे एवं खंडवा का नाम रोशन हो। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ. जगदीशचंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, केबी मनसारे, गणेश भावसार, नारायण फरकले, तिलोक चौधरी, राधेश्याम शाक्य, निर्मल मंगवानी, अर्जुन बुंदेला, अनुप शर्मा, जीडी सराफ, अशोक पारवानी, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचारों के मध्य श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं मंच के अनेक सदस्यों ने उनके गीतों को कराओके पर गाकर उन्हें स्वरांजलि अर्पित की।

### 2027 की जनगणना के लिए अधिकारियों को दी ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जनगणना-2027 के सम्बंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारियां देने के उद्देश्य से 2 दिवसीय ट्रेनिंग गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस ट्रेनिंग में जिले के सभी एसडीएम, आयुक्त नगर निगम, तहसीलदार तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक 10 वर्ष में होने वाली जनगणना के कार्य के लिए पूरी गंभीरता से ट्रेनिंग लें। उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए 15 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को उनकी जानकारी जनगणना पोर्टल में स्वयं ही भरने की सुविधा दी जाएगी।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस दौरान बताया कि जनगणना-2027 के तहत मई-2026 माह में सर्वे कर घरों की लिस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। प्रशिक्षण में मकानों के सूचीकरण तथा नम्बरिंग की प्रक्रिया अधिकारियों को समझाई गई तथा बताया गया कि कोई भी मकान सूचीकरण से छूटना नहीं चाहिए। प्रत्येक मकान को एक अलग नम्बर देना होगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि फरवरी 2027 में घर-घर जाकर जनगणना की जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को भारत की जनगणना के संबंध में संक्षिप्त परिचय एवं नीति निर्माण सहित जनगणना-2027 के मुख्य बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना 2027 के लिए डेटा कलेक्शन और जांच की प्रक्रिया के संबंध में भी बताया गया। यह प्रशिक्षण भोपाल से आये संभाग प्रभारी श्री अभिमन्यु अरोड़ा और जिले के जनगणना प्रभारी श्री जे.एल. साकेत द्वारा दिया गया।

### संकल्प से समाधान अभियान :गंभीर उबारी के स्वास्थ्य शिविर में 221 मरीजों का उपचार किया

**खण्डवा।** नागरिकों को उनकी पात्रता अनुसार सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुरूवार को किल्लौद विकासखण्ड के ग्राम गंभीर उबारी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों का नि:शुल्क उपचार किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि ग्राम गंभीर उबारी में आयोजित शिविर में कुल 221 मरीजों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में मरीजों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन व सिकलसेल की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गईं। टी.बी. के संभावित मरीजों का स्पुटम कलेक्शन भी किया गया। शिविर में 25 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में डॉ. हसीब अंसारी, डॉ. फिरदौस नाज, सी.एच.ओ. व एएनएम ने सेवाएं दीं। शिविर में ग्रामीणजनों को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

## खंडवा में धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

### बालाजी धाम कॉलोनी से निकला भव्य चल समारोह, घंटाघर पर मूर्ति का अनावरण







नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा में आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाई गई। जयंती के पावन अवसर पर शहर में ऐतिहासिक और भव्य आयोजन देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत आज छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत अनावरण एवं प्रतिष्ठापन किया गया। जयंती समारोह के तहत इंदौर रोड स्थित बालाजी धाम कॉलोनी, जो न केवल शहर बल्कि पूरे प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ कॉलोनियों में गिनी जाती है, वहां से एक विशाल चल समारोह का शुभारंभ किया गया। जहां बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल एवं अन्य सदस्य और पूरी टीम बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

बालाजी ग्रुप द्वारा चल समारोह में शामिल सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा, अल्पाहार वितरण एवं आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके पश्चात चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ा। यह इंदौर नाका, पदमनगर, पड़ावा चौक, घंटागर सहित शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों से गुजरता हुआ ट पहुंचा। पूरे मार्ग में जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी नारों से वातावरण शिवमय हो गया।

### सैकड़ों लोगों के साथ अनेक रथ, घोड़े, एवं डीजे के साथ चल समारोह

टपालचाल पहुंचकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का विधिवत स्थापना एवं अनावरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन, युवा वर्ग, महिलाएं और श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में देशभक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले 4 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

### जिले में 17 अनावेदकों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेन्द्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे दिनांक 18.02.26 को 13 गिरफ्तारी वारंट, 48 जमानती वारंट एवं 101 समन्स जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

थाना पंधाना के आरोपी लक्ष्मी बाई पति सुरेश जाति लोढ़ा उम्र 35 साल निवासी ग्राम कोहदड़ के कब्जे से अवैध देशी प्लेन शराब के 31 पाव कीमती 2790/- रुपये जप्त की गई। थाना छैगाँव माखन के आरोपी बदरी पिता शेलु निहाल जाति निहाल उम्र 50 साल निवासी ग्राम सहेजला के कब्जे से अवैध देशी प्लेन शराब के 16 पाव कीमती 1280/- रुपये जप्त की गई। थाना हरसूद के आरोपी केवलराम पिता बिहारी धुर्वे जाति गौनद उम्र 54 साल निवासी ग्राम आशापुर के कब्जे से हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 10 लीटर कीमती 1000/- रु जप्त की गई। थाना खालवा के आरोपी अनिल पिता धनपाल उईके जाति गोंड उम्र 28 साल निवासी कालापाठा के कब्जे से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब 7 लीटर कीमती 700/- रु जप्त की गई। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। थाना मोघट रोड के आरोपी अरबाज़ पिता निसार खान उम्र 25 साल निवासी गुलशन नगर गली न 06 खानशाहवली के कब्जे से 03 सट्टा अंक लिखी पर्ची 01 नीला लीड पेन 01 कार्बन का टुकड़ा व 795/- रु नगदी जप्त किए गए। थाना खालवा के आरोपी जुगल पिता दलसु जाति गौंड उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम पाटन जियाल के कब्जे से एक तितली भौरा चार्ट कीमती 100/- रु व नगदी 480/-रु कुल 580/-रु का मशरुका जप्त किया एवं आरोपी रामचरण पिता सुकनू जाति गौंड उम्र 30 साल निवासी ग्राम ढोलगाओं के कब्जे से एक तितली भौरा चार्ट कीमती 100/- रु व नगदी 510/-रु कुल 610/-रु का मशरुका जप्त किया उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## खंडवा विधानसभा में 152 करोड़ की लागत से संवरेंगी 78 किमी लंबी सड़कें

### विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा- समावेशी विकास का बजट

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट खंडवा विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की नई इबारत लिखने वाला साबित हुआ है। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को नई गति मिली है। बजट में खंडवा विधानसभा की सड़कों के कायाकल्प के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है, जिसके तहत कुल 152.67 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से क्षेत्र में कुल 78.53 किलोमीटर लंबी 11 प्रमुख सड़कों और पुलियों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। विधायक श्रीमती कंचन तनवे ने बताया कि बजट में सबसे बड़ी सौगात ग्रामीण अंचलों को शहर और हरसूद क्षेत्र से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क के रूप में मिली है। इसमें खंडवा से सिहाड़ा-गोकुलगांव-भकराड़ा-बमनगांव-तलवड़िया-जामली-सैयद-माथनी से हरसूद चारखेड़ा भैसावा मार्ग के निर्माण के लिए सर्वाधिक 95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह 38 किलोमीटर लंबी सड़क दर्जनों गांवों के लिए जीवन रेखा साबित होगी। इसके अलावा, यातायात के दबाव को कम करने और सुगम आवागमन के लिए खंडवा-दुल्हार-पंधाना मुख्य जिला मार्ग (ग्राम सिरपुर फाटे से छैगांवदेवी मार्ग तक) के 12 किलोमीटर हिस्से के लिए 30 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है।

अन्य प्रमुख स्वीकृतियों की जानकारी देते हुए विधायक ने बताया कि 4.90 किलोमीटर लंबे खंडवा से सिहाड़ा वाया पढेला हनुमान मंदिर मार्ग के लिए 5.10 करोड़ रुपये, भकराड़ा-बमनगांव-खेड़ीकिता मार्ग (6.18 किमी) के लिए 4.94 करोड़ रुपये और खंडवा-कालमुखी-केलवा मार्ग (3.05 किमी) के लिए 4.60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सीआरएफ योजना अंतर्गत खंडवा-अमलपुरा-सांवखेड़ा-जावर एवं सांवखेड़ा-सतवाड़ा-बड़गांवमाली-नहालदा मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 3.06 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। वहीं, छोटे लेकिन महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों जैसे खंडवा-अमलपुरा-सांवखेड़ा से माथनी पहुँच मार्ग, खंडवा-पिपलिया फूल-तपोवन मार्ग, खंडवा-तलवड़िया-कोलगांव मार्ग और खंडवा-पलकना पहुँच मार्ग को भी बजट में शामिल किया गया है। साथ ही खंडवा-मानपुरा पहुँच मार्ग पर 1.50 करोड़ की लागत से 2 नग स्लैब कलवर्ट का निर्माण भी किया जाएगा।

खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने इस ऐतिहासिक बजट को प्रदेश के समावेशी विकास और समृद्धि का प्रतीक बताया है। उन्होंने खंडवा विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का हृदय से आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन सुलभ होगा, बल्कि किसानों और व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा, जो क्षेत्र की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा।

## प्रज्ञा पाटीदार को बीए हिंदी लिटरेचर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया

नवभारत न्यूज



**ओंकारेश्वर।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती अपनी मेहनत लगन से कार्य करें सही मार्गदर्शन समय पर मिले तो बड़े से बड़ा मुक्कम हासिल किया जा सकता है इन्ही में से एक निमाड़ की पाटीदार परिवार की प्रतिभा कुमारी प्रज्ञा नारायण पाटीदार भंडलेन झिरनिया को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से बी ए हिंदी साहित्य लिटरेचर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्णपदक दीक्षांत समारोह के अंतर्गत राज्यपाल मंगू भाई पटेल से प्राप्त किया इस अवसर पर पद्मश्री डॉक्टर नारायण व्यास सांसदशंकर लालवानी विधायक राकेश गोलू शुक्ला के अलवा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के पदाधिकारी मौजूद थे ।

## लायन्स ने सूरजकुंड कन्या शाला में की गुड टच बेड टच कार्यशाला

### लायन्स ने गुड टच बेड टच जागरूकता सप्ताह में बालिकाओं को किया जागरूक



**नवभारत न्यूज ,खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के गवर्नर अनिल खण्डेलवाल, रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा के दिशा निर्देशानुसार आज की ज्वलंत समस्या गुड टच बेड टच विषय पर अध्यक्ष आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ के नेतृत्व में जागरूकता सप्ताह का आयोजन कर आदिवासी होस्टल्स, लायन्स भवन, शासकीय व प्रायवेट कन्या शालाओं में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सूरजकुण्ड खण्डवा स्थित सूरजकुण्ड कन्या शाला में भी गुड टच बेड टच कार्यशाला का आयोजन किया गया।जानकारी देते हुए नारायण बाहेती ने बताया कि कार्यशाला में स्कूल के प्रिंसिपल संजय निम्बोरकर ने कहाकि लायन्स क्लब खण्डवा बालिकाओं को जागरूक करने का जो कार्य कर रहा है वह बहुत प्रशंसनीय है।आये दिन बालिकाओं के साथ बेड टच की घटनाएं सुनने को मिलती है। स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने विषय की जानकारी से अवगत कराया।वक्ता के रुप मे पधारी भारती पाराशर ने बताया कि इस उम्र वाली बालिकाओं को समझना होगा कि गुड टच क्या है व बेड टच क्या है।माता पिता गुरुजन का स्पर्श गुड टच की श्रेणी में आता है।यदि कोई अपरिचित या अन्य जिससे हमें अच्छा न लगे उसकी जानकारी तुरंत माता पिता को देना चाहिए। वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर मोना दफ्तरी ने गुड टच बेड टच की जानकारी देते हुए कहाकि हमे अपने स्वाभिमान के प्रति जागरूक रहना है।हमे अपना अच्छा बुरा स्वयं देखना है। हेमलता पालीवाल, प्रतिमा अरोरा ने भी उदाहरण देकर विषय की जानकारी दी।इस अवसर पर सनत श्रीमाली, नारायण बाहेती, सुनील जैन, अपूर्व उपाध्याय, राजीव शर्मा व स्कूल की टीचर्स उपस्थित रही।लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा स्कूल के प्रिंसिपल संजय निम्बोरकर को दिल्ली में सम्मानित होकर खण्डवा को गौरवांवित करने हेतु शाल, श्रीफल व माला से सम्मानित किया गया।

**एक नजर** | इंदौर के नरेंद्र कसेरा ने साइकिल से पूरी की चौथी नर्मदा परिक्रमा, ओंकारेश्वर में हुआ समापन

## 67 की उम्र में अटूट आस्था का संकल्प

नवभारत न्यूज



**ओंकारेश्वर।** मां नर्मदा की परिक्रमा सदियों से आस्था, तप, संयम और नियम का अद्भुत संगम मानी जाती है। हजारों-लाखों श्रद्धालु हर वर्ष नर्मदा परिक्रमा कर मां के चमत्कारों और आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव करते हैं। यह परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि मां नर्मदा को जीवन साथी मानकर किया जाने वाला कठिन तप है। इसी आस्था की मिसाल इंदौर के 67 वर्षीय नरेंद्र कसेरा ने पेश की है, जिन्होंने साइकिल से अपनी चौथी नर्मदा परिक्रमा पूरी कर तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में यात्रा का समापन किया।

इंदौर के आदर्श इंदिरा नगर निवासी नरेंद्र कसेरा 3 नवंबर को अपने निवास स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से 'नमामि नर्मदे' के जयघोष के साथ मां नर्मदा और भगवान नर्मदेश्वर को साइकिल पर विराजमान कर चौथी परिक्रमा यात्रा पर निकले थे। कई महीनों की कठिन साधना और तपस्या के बाद बुधवार को उनकी यह पवित्र यात्रा ओंकारेश्वर पहुंचकर पूर्ण हुई।

**प्रतिदिन 25-30 किलोमीटर की साइकिल यात्रा :** नरेंद्र कसेरा पूरी परिक्रमा साइकिल से करते हैं। वे रोज सुबह 8 बजे यात्रा शुरू करते, प्रतिदिन लगभग 25-30 किलोमीटर साइकिल चलाते और दोपहर में विश्राम के बाद आगे बढ़ते। दूरी का अनुमान वे रास्ते के संकेतक बोर्डों से लगाते रहे और स्थानीय लोगों से मार्ग पूछकर यात्रा जारी रखी।

**चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग और कई धार्मिक यात्राएं :** नरेंद्र कसेरा इससे पहले भी देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की साइकिल यात्रा कर चुके हैं।

उनकी प्रमुख यात्राओं में शामिल हैं –

- चार बार नर्मदा परिक्रमा
- चार धाम यात्रा
- 12 ज्योतिर्लिंग दर्शन
- रामदेवरा और द्वारकाधीश यात्रा

**नर्मदा परिक्रमा का महत्व :** नर्मदा परिक्रमा लगभग 3600 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा मानी जाती है, जिसमें श्रद्धालु मां नर्मदा के उद्गम अमरकंटक से निकलकर समुद्र संगम तक और पुन: वापस उद्गम तक नदी के किनारे-किनारे चलते हैं। इस परिक्रमा में कठोर नियमों का पालन किया जाता है—

- प्रतिदिन स्नान, ध्यान और पूजा
- सात घरों से भिक्षा ग्रहण
- संयम और सादगी का जीवन
- नर्मदा पर पुल पार न करना

नरेंद्र कसेरा ने पूरी यात्रा के दौरान इन सभी नियमों का कठोरता से पालन किया। रात्रि विश्राम वे पेट्रोल पंप या टोल नाकों पर करते और वहीं मोबाइल चार्ज करते थे।

**शिवलिंग स्थापना का संकल्प :** नर्मदा परिक्रमा के दौरान नरेंद्र कसेरा शिवलिंग स्थापना का संकल्प भी निभाते हैं। वे नर्मदा तट से शिवलिंग लेकर विभिन्न स्थानों पर स्थापना कर चुके हैं। जामनगर क्षेत्र के मनकामेश्वर मंदिर, गंगेश्वर महादेव और चंद्रमौलेश्वर मंदिर में उन्होंने शिवलिंग स्थापित किए हैं।

**सेवा और भक्ति को समर्पित जीवन :** पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करने के बाद नरेंद्र कसेरा ने जीवन का शेष समय धर्म, भक्ति और समाज सेवा को समर्पित कर दिया है। उनका मानना है कि जीवन का सच्चा उद्देश्य भगवान की सेवा और समाज के कल्याण में योगदान देना है।

**निष्कर्ष :** नरेंद्र कसेरा की यह यात्रा केवल व्यक्तिगत आस्था की कहानी नहीं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा है कि उम्र कभी भी संकल्प, सेवा और भक्ति के मार्ग में बाधा नहीं बनती। उनकी यह साइकिल यात्रा मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा और दृढ़ संकल्प का जीवंत उदाहरण बन गई